
गुड न्यूज **फरवरी में लखनऊ के साथ हर जिले में किया जाएगा आयोजन, सभी जिलो के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य**

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से खुलेंगे निवेश के दरवाजे

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार फरवरी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी करवाने की तैयारी कर रही है। सेरेमनी में 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। इसमें कई बड़ी कंपनियों की परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का संदेश पूरे प्रदेश में जाए, इसके लिए लखनऊ में एक मुख्य आयोजन के साथ-साथ हर जिले में भी सेरेमनी होगी। इसमें उस जिले में निवेश करने वाले निवेशक और जिला प्रशासन के अधिकारी हिस्सा लेंगे।




## हर जिले से मांगी गई रिपोर्ट

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए निर्धारित लक्ष्यों के मुकाबले अब तक कितने निवेश प्रस्ताव आ चुके है। उद्योगो को जमीन दिए जाने की क्या स्थिति है। साथ ही परियोजना शुरू करने से पहले मिलने वाली अनुमतियों की क्या स्थिति है। इसकी जानकारी भी जिलावार एकत्रित की जा रही है, जिससे परियोजनाओं को शिलान्यास के बाद तेजी से पूरा किया जा सके।

## निवेश मित्र-3.0 पोर्टल की भी होगी शुरुआत

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान निवेश मित्र पोर्टल-3.0 को भी शुरू करने की तैयारी है। इस निवेश मित्र पोर्टल के लिए अलग-अलग पोर्टल को एक ही पोर्टल मे इंटीग्रेट किया जाएगा, जिससे निवेशको के सभी काम एक ही पोर्टल पर हो सके। इसके अलावा निवेशको के लिए एआई चैटबॉट की भी व्यवस्था होगी। इस पोर्टल के जरिए प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए सरकारी सेवाओं को और सरल किया जाएगा। वर्तमान में इस पोर्टल के जरिए निवेशकों को 44 से ज्यादा सरकारी विभागों की 525 से ज्यादा सेवाएं दी जा रही हैं। पोर्टल के नए संस्करण के लॉन्च होने के बाद सेवा प्रदायगी के समय में 30% की कमी आएगी। इन्वेस्ट यूपी की कोशिश है कि निवेश के आवेदन एव स्वीकृति प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए सिर्फ जरूरी दस्तावेज की मांग निवेशकों से की जाए।